हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 22 जून 2026

तापमान
अधिकतम 42.1°C
न्यूनतम 22.0°C

10 29 करोड़ से निखरा रेलवे स्टेशन शाही महल...



11 प्रदेश में रोहतक रहा सबसे गर्म, शाम को...



## रि-नीट परीक्षा : आईजी, डीसी, एसपी समेत दूसरे प्रशासनिक अधिकारियों ने एग्जाम सेंटरों का किया दौरा

# 4793 ने दी परीक्षा, पुलिस ने 2 डॉक्टर और 1 यूनिवर्सिटी टीचर से की पूछताछ

### तीन घंटे तक हाई अलर्ट पर रहा प्रशासन

### एग्जाम शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुबह के करीब 11 बजे हैं। अब शहर और गांव के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों की भीड़ धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। कहीं छात्र हाथ में एडमिट कार्ड लेकर बार-बार अपना रोल नंबर और परीक्षा केंद्र का कमरा देख रहे हैं तो कहीं अभिभावक अंतिम समय में बच्चों को हौसला देने में जुटे हैं। कई अभ्यर्थी अपने साथ लाई गई पारदर्शी पानी की बोतल, पहचान पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों की दोबारा जांच कर रहे हैं ताकि प्रवेश के समय किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुनर्परीक्षा को लेकर छात्रों में उत्साह के साथ-साथ घबराहट भी साफ दिखाई दे रही है। कुल मिलाकर परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्रों के बाहर उम्मीद, तनाव, उत्साह और सतर्कता का माहौल है। रविवार देर रात एक चर्चा ये भी रही कि पुलिस ने एक अस्पताल के दो डॉक्टर और किसी सरकारी यूनिवर्सिटी के एक शिक्षक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। हालांकि पुलिस ने पुष्टि नहीं की।





### छात्र बोले सही था पेपर

शाम को पांच बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकलते विद्यार्थियों के चेहरों पर राहत दिखाई दे रही थी। परीक्षा देकर बाहर निकले निशांत ने बताया कि प्रश्नपत्र सही था। अधिकांश प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुरूप थे।

### 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे

जिले में कुल 5325 अभ्यर्थियों के लिए 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमें से 4793 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, 532 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति का प्रतिशत करीब 90 रहा। आईजी सिमरनजीत सिंह, डीसी सचिन गुप्ता, एसपी गौरव राज पुरोहित, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार समेत आला अधिकारियों ने केंद्रों का किया दौरा।

### प्रशासनिक अधिकारी और उड़नदस्ते लगातार निरीक्षण करते रहे

जिले में परीक्षा के लिए कुल 17 केंद्र स्थापित किए गए थे। इनमें रोहतक शहर में 8, सांपला में 4, महम में 3, लाखनमाजरा में 1 और सांघी में 1 केंद्र बनाया गया था। सभी केंद्रों पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के दिशा-निर्देशों के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्र अधीक्षकों ने स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केंद्रों के बाहर पुलिस बल की तैनाती रही, जबकि प्रशासनिक अधिकारी और उड़नदस्ते लगातार निरीक्षण करते रहे। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भी अच्छी-खासी भीड़ रही।

### परीक्षा शांतिपूर्ण रही

जिला प्रशासन ने दावा किया है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। सभी केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी और परीक्षा संचालन के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस कर्मियों और शिक्षा विभाग के कर्मियों के सहयोग की सराहना की। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक बताती हैं कि परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी और शांतिपूर्वक हुई। एग्जाम से पहले जो गोपनीयताएं प्रशासन ने पेपर को लेकर बरतनी होती हैं, वे बरती गई। जिले में 4793 छात्रों ने पेपर दिया है।

### शहर में आज

- लघुसचिवालय परिसर में समाधान शिविर में सुनी जाएंगी शिकायतें।
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारी यूनियन की मीटिंग।
- नगर निगम में आयुक्त की मीटिंग।

### खबर संक्षेप

#### मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

**सांपला।** कस्बे के रेलवे ट्रैक पर रविवार दोपहर करीब एक बजे एक अज्ञात महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला के शरीर के कई हिस्से अलग हो गए। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए। मृतक महिला की पहचान देर शाम तक नहीं हो सकी थी। महिला के पैरों में हवाई चप्पल थी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला हादसे का है या आत्महत्या का। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### 30 तक आईटीआई में दाखिले के लिए मौका

**रोहतक।** जिले के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भविष्य संवारने का सुनहरा अवसर है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने युवाओं एवं विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि वे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश के लिए समय रहते ऑनलाइन आवेदन करें। उन्होंने बताया कि हरियाणा के सभी राजकीय और निजी आईटीआई में सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया जारी है तथा आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तक बढ़ा दी गई है।

#### विधवाओं को तीन लाख तक का मिलेगा ऋण

**रोहतक।** प्रदेश सरकार विधवा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। इसी कड़ी में विधवा अनुदान योजना के तहत पात्र महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से तीन लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि योजना का उद्देश्य विधवा महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ उन विधवा महिलाओं को मिलेगा जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय तीन लाख रुपये तक है। आवेदिका की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह किसी पूर्व ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए।

### यूं उठी लपटें




# अब सेक्टर 3 के रेस्टोरेंट में भीषण आग, गैस सिलेंडर फटे

## नीचे के फ्लोर पर जिम भी राख, लोगों ने भाग कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-3 स्थित रेस्टोरेंट में शनिवार दोपहर भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि रेस्टोरेंट के नीचे संचालित जिम चपेट में आ गया और देखते ही देखते दोनों प्रतिष्ठानों में रखा सामान जलकर राख हो गया। जिम में मौजूद लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर जान बचाई। आग लगने के बाद रेस्टोरेंट में रखे गैस सिलेंडरों के फटने से धमाकों की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। सूचना पर दमकल की छह गाड़ियां पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद काबू पाया। महम और सांपला से भी अतिरिक्त दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ीं। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। गढ़ी बोहर निवासी विकास ने सेक्टर तीन की मार्केट में जिम खोला हुआ है। इसके ऊपर गौच्छी निवासी जितेंद्र अहलावत रेस्टोरेंट चलाते हैं। शनिवार करीब साढ़े तीन बजे रेस्टोरेंट में अचानक आग भड़क उठी। सबसे पहले रेस्टोरेंट से धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। तेज हवा के कारण लपटें तेजी से फैलती चली गईं और जिम भी इसकी चपेट में आ गया।

**दमकल की छह गाड़ियों ने पाया आग पर काबू**

**शार्ट सर्किट से हादसा, तेज हवा के कारण भड़की आग**


फायर फाइटिंग सिस्टम को हादसे का इंतजार है?
वर्षों पहले महाराजा अग्रसेन पार्किंग में स्थापित हुआ सिस्टम व स्प्रिंकलर नेटवर्क आज तक नहीं हो पाया शुरू

हरिभूमि ने 21 जून के अंक में प्रकाशित समाचार से किया था आगाह

### पहले शार्ट सर्किट हुआ, फिर सिलेंडर फटे

प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, शार्ट सर्किट फ्रिज या किसी एमसी में हुआ। जिसके बाद रेस्टोरेंट में मौजूद ज्वलनशील सामग्री ने आग को और भड़का दिया। आग से जिम के उपकरण, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रेस्टोरेंट का अधिकांश हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की नियमित जांच कराने की मांग उठाई है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।


रोहतक। आग से जला सामान। फोटो : हरिभूमि

### महम, सांपला से भी दमकल गाड़ी बुलानी पड़ी

### 9 व 19 जून को लग चुकी भीषण आग

मॉडल टाउन में डी पार्क मार्केट में 9 जून को भीषण आग लगी थी, जिसमें 12 दुकान जलकर राख हो गई और 3 लोगों की जान भी चली गई थी। वहीं 19 जून को दोबारा मॉडल टाउन में ही एक डेंटल क्लीनिक की छत पर आग लग गई थी। इसके बाद व्यापारियों में आगजनी को लेकर भय का माहौल है।

### ये हुआ हादसा

गौच्छी निवासी जितेंद्र अहलावत ने बताया कि यह रेस्टोरेंट वह खुद चलाते हैं। शनिवार रात रेस्टोरेंट का फ्रिज रात को खराब हो गया था। इसके बाद उन्होंने एमसी ऑफ कर मिस्त्री को कॉल कर दी। दोपहर को वह पहले रेस्टोरेंट में पहुंच गए। इस दौरान कस्टमर भी आना शुरू हो गए। स्टाफ अभी नहीं पहुंच पाया था। उन्होंने एमसी ऑन की तो अचानक स्पार्किंग हुई। इसके कुछ देर बाद स्टोर से धुआं उठते दिखाई दिया।उन्होंने वहां जाकर देखा कि यहां आग लगी हुई है। उन्होंने फायर उपकरणों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया।यहां दो गैस सिलेंडर भी रखे हुए थे, लेकिन वह उन्हें जब तक निकालते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसके बाद आग ने रेस्टोरेंट को खाक कर दिया। धमाके में गैस सिलेंडर भी फटे हैं। पूरा हादसा शार्ट सर्किट की वजह से ही हुआ है। उन्होंने काफी मेहनत से और 40 लाख से अधिक की लागत से इसे तैयार करवाया था। अब उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

### और बड़ा हो सकता था हादसा

मार्केट में 20 से ज्यादा दुकानें हैं, थोड़ी सी लापरवाही होती तो आसपास की दुकानें खाक हो सकती थी। गनीमत यह रही कि फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने मेहनत और मशक्कत से जल्दी आग पर काबू पा लिया। जिस समय आग लगी जिम में कोच के अलावा कुछ युवा ही एक्सरसाइज के लिए पहुंचे थे। अगर शाम का समय होता तो यहां युवा काफी संख्या में होते और बड़ा हादसा हो सकता था। आग पास की लाइब्रेरी की छत तक भी पहुंच गई थी, जिसे समय पर काबू पा लिया गया। रविवार की वजह से कम युवा जिम में आए थे। इसके अलावा साथ में कई और दुकानों में नुकसान हो सकता था।

# गैंगस्टर छोटा सामणिया ने थाईलैंड में रची थी दांगी ऑफिस पर फायरिंग की साजिश

### *दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने कार्यालय के बाहर फेंकी थी पर्ची*

- पर्ची पर लिखा था जय श्री राम छोटा सामणिया
- सुमित उर्फ छोटा सामणिया ने दो गुर्गों से करवाई फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

रोहतक पुलिस ने विधायक बलराम दांगी के कार्यालय पर हुई फायरिंग का 24 घंटे मे किया खुलासा कर दिया है। अपराध शाखा महम व फायरिंग करने वाले आरोपी के बीच हुई मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के दौरान युवक को काबू किया। गिरफ्तार युवक गैंगस्टर छोटा सामणिया का गुर्गा है। उसने साथी खरैंटी के एक अन्य युवक के साथ मिलकर वारदात की। जिस तरह दोनों बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है, उससे यह साफ हो गया है कि इस पूरी वारदात की साजिश थाईलैंड में बैठकर रची गई है। फिलहाल छोटा सामणिया थाईलैंड में है और वह हरिद्वार से फर्जी पासपोर्ट बनवाकर थाईलैंड भाग गया था। फायरिंग के बाद छोटा गैंग के गुर्गों ने पर्ची फेंकी थी। जिस पर जय श्री राम छोटा सामणिया लिखा था। पुलिस ने शनिवार सुबह इसे विधायक बलराम दांगी के कार्यालय के सामने से बरामद किया था। जांच में सामने आया कि एक अपराधी जुलाई 2025 में भारत से थाईलैंड गया था। उसी के संपर्क में आकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया है। विदेश में बैठे अपराधी पर करीब 30 मामले दर्ज हैं। दूसरे आरोपी अमन वारदात के दौरान मोटरसाइकिल चला रहा था।

### पुलिस की 8 टीमें कर रही मामले की जांच





रोहतक पुलिस की अलग-अलग सीआईए व थानों की 8 टीमो का गठन किया था। टीम ने घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया था। उप पुलिस अधीक्षक महम तनुज शर्मा ने बताया कि 21 जून को अपराध शाखा महम की टीम को सूचना मिली की महम विधायक के कार्यालय में फायरिंग करने मे शामिल रहा मुख्य आरोपी बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार होकर और अवैध हथियार सहित किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक मे निंदाना से महम की तरफ घूम रहा है। प्रभारी अपराध शाखा महम स.उप.नि. कुलदीप ने तुंरत अपराध शाखा महम की टीम का गठन कर गांव खरकडा बाईपास नजदीक राजा वाली गोहर गांव बैसी के पास नाकाबंदी शुरु की। अपराध शाखा महम की टीम ने गांव बैंसी की तरफ से तेज़ रफ़्तार मे आ रहे मोटरसाइकिल सवार युवक को रुकने का इशारा किया। युवक को खेतों की तरफ भागने लगा और युवक ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने सरेंडर करने की चेतावनी देते हुए हवाई फायर किया। अपराध शाखा की टीम ने सूझबूझ से अपना बचाव किया तथा आत्मरक्षा में युवक पर फायर किया। जो युवक को पैर पर गोली लग गई। पुलिस टीम ने युवक को काबू किया जिसकी पहचान अमन पुत्र कर्मबीर निवासी लाखनमाजरा के रूप मे हुई है।

**बिना नंबर प्लेट की बाइक और अवैध हथियार से दिया वारदात को अंजाम**

### जवाबी कार्रवाई में युवक ने पुलिस पर 3 फायर किए



मुठभेड़ में आरोपी ने पुलिस पर तीन राउंड फायर किए है। जवाबी कार्यवाही में 3 फायर पुलिस टीम द्वारा किए गए है। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व मोटरसाइकिल बरामद हुई है। उसे पीजीआईएमएस रोहतक में दाखिल कराया गया है।

### योग दिवस पर दिखा उत्साह



रोहतक। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जिलेभर में आयोजित योग कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। (पैकेज पेज 12 पर)

*उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे पत्र, ऐसे क्षेत्रों में बंद होगी एलपीजी*

# पीएनजी वाले इलाकों में एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करवाने ही होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के बढ़ते नेटवर्क के बीच अब उन उपभोक्ताओं से एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिनके घरों में पहले से पीएनजी की सुविधा उपलब्ध है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने अपने पीएनजी उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत पत्र भेजकर एलपीजी कनेक्शन वापस करने का अनुरोध किया है।

कंपनी का उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को पूरी तरह पीएनजी आधारित गैस व्यवस्था से जोड़ना है। शहर में करीब 12 हजार ऐसे उपभोक्ता हैं, जिनके पास पीएनजी और एलपीजी दोनों प्रकार के कनेक्शन मौजूद हैं। हाल ही में गैस आपूर्ति से जुड़े आंकड़ों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया था।

### निष्क्रिय कनेक्शन को चालू कराएंगे

बीपीसीएल अधिकारियों के अनुसार जिन मकानों में ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल के लिए अलग-अलग पीएनजी कनेक्शन लगाए गए हैं, लेकिन उनमें से कोई एक कनेक्शन निष्क्रिय है, उन्हें दोनों कनेक्शन सक्रिय कराने होंगे। यदि उपभोक्ता दूसरा कनेक्शन चालू नहीं कराता है तो कंपनी न्यूनतम बिल वसूलने की व्यवस्था लागू कर सकती है। इसकी अंतिम दरों पर अभी विचार किया जा रहा है।




निष्क्रिय कनेक्शन को पुनः चालू कराने के लिए उपभोक्ता से लगभग 177 रुपये री-स्टार्ट शुल्क लिया जाएगा। शहर में बीपीसीएल का सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क लगातार विस्तार कर रहा है। कंपनी द्वारा शहर के अधिकांश विकसित सेक्टरों, मॉडल टाउन, दिल्ली रोड, , सोनीपत रोड, सेक्टर एक से लेकर नए विकसित सेक्टरों, हुडा कॉलोनियों तथा अनेक रिहायशी कॉलोनियों में पीएनजी नेटवर्क बिछाया जा चुका है। बीपीसीएल को जिले में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क विकसित करने का अधिकार प्राप्त है और वह घरेलू, व्यावसायिक तथा औद्योगिक उपभोक्ताओं को पीएनजी उपलब्ध करा रही है।

### नए उपभोक्ता जोड़ रहे

कंपनी का कहना है कि पीएनजी के माध्यम से उपभोक्ताओं को 24 घंटे गैस आपूर्ति मिलती है तथा सिलेंडर बुकिंग, डिलीवरी और भंडारण की जरूरत समाप्त हो जाती है। सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए भी इसे बेहतर विकल्प माना जा रहा है। बीपीसीएल देशभर में हर घर पहुंचेंगे अभियान के तहत पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने पर जोर दे रही है और रोहतक में भी लगातार नए उपभोक्ताओं को जोड़ा जा रहा है। हालांकि कंपनी की ओर से शहर में कुल सक्रिय घरेलू पीएनजी कनेक्शनों की नवीनतम आधिकारिक संख्या सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन नेटवर्क विस्तार के साथ उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीपीसीएल का फोकस अब ऐसे उपभोक्ताओं को पूरी तरह पीएनजी से जोड़ने पर है, जिनके घरों तक गैस पाइपलाइन पहले ही पहुंच चुकी है। इससे एलपीजी पर निर्भरता कम होने के साथ स्वच्छ ईंधन के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा।

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : मंजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को सांपला में आयोजित योग कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा रहीं। कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम अंकिता पुवार ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद सभी अतिथियों और



प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया तथा योग के माध्यम से स्वस्थ और निरोग जीवन का संकल्प लिया। इस अवसर पर एसडीएम अंकिता पुवार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में योग की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है तथा प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग से मन शांत रहता है और पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ती है। नियमित योगाभ्यास करने वाले विद्यार्थी तनावमुक्त रहते हैं तथा अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग कर पाते हैं।

# योग से मिलती है अच्छी सेहत : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

रविवार को महम के टाऊन पार्क में 12 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यह समारोह हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के तत्वाधान में आयोजित किया गया। समारोह में एसडीएम विपिन कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने आयुष विभाग के योगाचार्य, शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों व महम के गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए योग दिवस की बधाई दी। विपिन कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने योग को पूरे विश्व भर में मनाया है। प्रधानमंत्री की सोच के अनुसार सभी को योग करना चाहिए और योग से ही हम निरोग रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ स्वास्थ्य ही जीवन है, अगर हमनें स्वस्थ रहना है तो दिनचर्या में योग को अपनाना होगा। है। योग दिवस हमारी भारतीय परम्परा की एक अमूल्य उपहार है।

### योगाभ्यास से शरीर में बढ़ता है लचीलापन : जांगड़ा

अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने भी किया योगाभ्यास। उन्होंने ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर में लचीलापन बढ़ता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है तथा मानसिक शांति प्राप्त होती है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जिया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### नवनियुक्त चेयरमैन सुनीता दांगी का स्वागत

**महम।** महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा की नवनियुक्त चेयरमैन सुनीता दांगी के पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के आवास पर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सुनीता दांगी ने महम के ऐतिहासिक चौबीसी चबूतरे पर दीप प्रज्वलित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। महम हलके की बेटी को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश खत्री, नगर पालिका उपप्रधान बसंत लाल गिरधर, राकेश भारद्वाज, प्रवीण खत्री, गुलाब, नरेश चेयरमैन, मनदीप शर्मा, अनिल, रेखा रोहिल्ला आदि।

### विपिन बने इनेलो कानूनी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव

**महम।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने भराण गांव निवासी



एडवोकेट विपिन बल्हारा को इंडियन नेशनल लोकदल का कानून प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर विपिन बल्हारा ने पार्टी सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, सुनैना चौटाला, लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष संदीप गोयत, जिला अध्यक्ष नफे सिंह लाहली एवं समस्त नेताओं का आभार जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है वे उसको ईमानदारी और निष्ठा से निभाने का काम करेंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से प्रवासी कर्मचारी की मौत

**झज्जर।** शनिवार सांय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार निजी कंपनी के कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान अलीगढ़ यूपी के मुजफ्फरा गांव निवासी करीब 28 वर्षीय मुकेश पुत्र लालाराम के तौर पर हुई है। पता चला कि उसके भाई मुकेश कुमार का एक्सीडेंट केएमपी हाइवे पर फारुखनगर टोल टैक्स के नजदीक हुआ है जिसे उपचार के लिए झज्जर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया है।



## 29 करोड़ रुपये से निखरा

# रेलवे स्टेशन का शाही महल

### फसाड लाइटिंग व जीआरसी डिजाइन से प्रवेश द्वार तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आने वाले समय में रोहतक रेलवे स्टेशन केवल यात्रियों के आवागमन का केंद्र ही नहीं रहेगा, बल्कि शहर की नई पहचान के रूप में भी उभरेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन का व्यापक आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिसके बाद इसकी मुख्य इमारत किसी शाही महल से कम नजर नहीं आएगी। स्टेशन के बाहरी हिस्से पर विशेष डिजाइनिंग और आकर्षक फसाड लाइटिंग का कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे भवन का स्वरूप पूरी तरह बदलता दिखाई दे रहा है। रेलवे विभाग की ओर से स्टेशन के अग्रभाग को भव्य और आधुनिक रूप देने के लिए जीआरसी (ग्लास फाइबर रिइनफोर्स्ड कंक्रीट) डिजाइन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। सफेद सीमेंट, मार्बल के दाने, ग्लास फाइबर और विशेष रासायनिक मिश्रण से तैयार की जा रही कलात्मक आकृतियां भवन की सुंदरता को नया आयाम दे रही हैं। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के दोनों ओर करीब 120 फीट क्षेत्र में यह सजावटी कार्य किया जा रहा है, जिसमें अधिकांश हिस्सा लगभग तैयार हो चुका है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, स्टेशन के नवीकरण का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। अब अंतिम चरण में विद्युत व्यवस्था, रंग-रोगन और अन्य फिनिशिंग कार्यों को पूरा किया जा रहा है। इस परियोजना पर लगभग 29 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। गुरुग्राम की एक विशेष एजेंसी को डिजाइनिंग और निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्माण में उपयोग होने वाली अधिकांश सामग्री भी गुरुग्राम से ही मंगाई जा रही है।

**120 फीट क्षेत्र में किया गया है सजावटी कार्य**

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत काम

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हरियाणा के कई रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है और रोहतक स्टेशन इस सूची में प्रमुख स्थान रखता है। स्टेशन के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आधुनिक स्वरूप मिलने के बाद यह स्टेशन न केवल यात्रियों को बेहतर अनुभव देगा, बल्कि शहर में आने वाले लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा।

### स्टेशन से गुजरती है 42 यात्री एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनें

रोहतक रेलवे स्टेशन प्रदेश के महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शनों में से एक है। यहां से प्रतिदिन हजारों यात्री विभिन्न राज्यों की यात्रा करते हैं। स्टेशन से चंडीगढ़, सिरसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश सहित कई प्रमुख क्षेत्रों के लिए रेल सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा विभिन्न मार्गों पर चलने वाली लगभग 42 यात्री, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें इस स्टेशन से होकर गुजरती हैं, जिससे इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

### निर्धारित समय में पूरा होगा शेष कार्य

शेष कार्य भी निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद रोहतक रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं, भव्य वास्तुकला और आकर्षक रोशनी के कारण प्रदेश के सबसे खूबसूरत रेलवे स्टेशनों में गिना जाएगा।

**-बलराम मीणा,** स्टेशन अधीक्षक, रेलवे स्टेशन

# महम में कांग्रेस कार्यालय पर फायरिंग बेहद चिंताजनक, सरकार दे विशेष सुरक्षा : हुड्डा

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि फायरिंग प्रदेश की जर्जर कानून व्यवस्था का प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज विधायक बलराम सिंह दांगी के कांग्रेस कार्यालय का निरीक्षण किया। हुड्डा ने कांग्रेस कार्यालय पर हुई फायरिंग को बेहद चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि दांगी परिवार इलाके में संघर्ष का प्रतीक है। उनकी सुरक्षा से किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। सरकार को तुरंत उन्हें विशेष सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए तथा जिन लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है, उन्हें सजा सुनिश्चित करनी चाहिए। इस मौके पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस के महम कांग्रेस कार्यालय पर हुई फायरिंग प्रदेश की जर्जर हो चुकी कानून-व्यवस्था का स्पष्ट प्रमाण है। फायरिंग, फिरौती, लूट, डकैती, हत्या, बलात्कार जैसी वारदातें इतनी आम हो गई हैं कि ये अब हरियाणा की जनता की दिनचर्या का हिस्सा बन गई हैं। हरियाणा में संगठित अपराध इस कदर बढ़ गया है कि आज प्रदेश में 50 से 60 गैंग सक्रिय हैं, जो न सिर्फ वारदातों को अंजाम देते हैं बल्कि नाम लेकर उनकी जिम्मेदारी भी लेते हैं। यानी उनके दिल में कानून का कोई भय नहीं है। यही वजह है कि केंद्र सरकार द्वारा जारी सामाजिक प्रगति सूचकांक में हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य घोषित किया गया है। व्यापारी, कारोबारी, कर्मचारी, अधिकारी से लेकर राजनीतिज्ञ तक आज हर व्यक्ति खुद को असुरक्षित महसूस करता है। मुख्यमंत्री तो पगड़ी बाँधकर रोज पंजाब में निकल जाते है।

# सांपला में आग पीड़ित परिवार से मिले नेता प्रतिपक्ष, सरकार से की मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सांपला के मुख्य बाजार में कपड़ों के शोरूम में लगी भीषण आग से प्रभावित व्यापारी परिवार से मिलने रविवार को नेता प्रतिपक्ष भूपेंदर सिंह हुड्डा सांपला पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस दौरान हुड्डा ने कहा कि आग की घटना में व्यापारी परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई के लिए सरकार को संवेदनशीलता के साथ राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने मौके पर ही उपायुक्त से दूरभाष पर बातचीत कर नुकसान का आकलन करवाने और प्रभावित परिवार को जल्द



राहत प्रदान करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री से भी फोन पर बात कर मामले में शीघ्र कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को उचित सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रशासन को आग लगने के कारणों की जांच कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

# भाजपा नेताओं ने दिया हरसंभव सहयोग का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

मैन बाजार में आगजनी की घटना से प्रभावित दुकानदार से मिलने के लिए रविवार को पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर नुकसान की जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में भाजपा परिवार उनके साथ खड़ा है। मनीष ग्रोवर ने कहा कि रोहतक में आगजनी से प्रभावित व्यापारियों को जिस प्रकार डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने अपने स्वैच्छिक कोष से पांच-पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की थी, उसी प्रकार सांपला के



पीड़ित दुकानदार को भी राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन के समक्ष व्यापारी की मांग को मजबूती से रखा जाएगा। वहीं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित दुकानदार को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आग से हुए भारी नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से विशेष सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की जाएगी।

# बतरा के अल्टीमेटम से पहले ही प्रशासन हरकत में माल गोदाम रोड पर रविवार को भी चली जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कांग्रेस विधायक भारत भूषण बतरा द्वारा माल गोदाम रोड की बदहाल स्थिति को लेकर दिए गए अल्टीमेटम की अवधि पूरी होने से पहले ही नगर निगम प्रशासन ने युद्धस्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम की जेसीबी मशीनें और सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सुबह से नालों की सफाई, गोबर निकासी और सड़क व्यवस्था सुधारने के कार्य में जुटे हैं। रविवार जैसे अवकाश दिवस पर भी कर्मचारियों को माल गोदाम रोड पर सफाई कार्य करते देखा गया। बतरा ने कहा यह शहर मेरी पहली प्राथमिकता है और इसके हितों से मैंने कभी कोई समझौता नहीं किया। जब तक माल गोदाम रोड पर नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था और डेयरियों से जुड़ी समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो जाता, तब तक मैं स्वयं यहां चल रहे कार्यों की निगरानी करता रहूंगा। बतरा ने कहा कि माल गोदाम रोड की समस्या केवल अस्थायी सफाई से समाप्त नहीं होगी, बल्कि इसके लिए नालों की पूरी सफाई, निगरानी आवश्यक है।

### डेयरियों पर सख्ती जारी 15 को सीलिंग नोटिस

विधायक द्वारा निगम कमिश्नर एव डीसी को दी गई चेतावनी का पूरा असर दिखाई दे रहा है। माल गोदाम रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में गोबर और गंदगी की शिकायतों के बाद नगर निगम की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न डेयरियों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई स्थानों पर स्वच्छता नियमों की अनदेखी, गोबर व अन्य अपशिष्ट पदार्थों का अनुचित निस्तारण तथा नालों एवं सीवर में गंदगी बहाए जाने की स्थिति सामने आई।

## नगर निगम क्षेत्र के गांवों में सफाई व्यवस्था बदहाल

# नालों में भरी गंदगी, बरसात से पहले बढ़ी ग्रामीणों की चिंता

**शहरों में जलभराव रोकने की तैयारियां तेज**

**बरसात से पहले कई जगह सड़कों पर फैलने लगा नालों का पानी**

**नालों में गाद, प्लास्टिक व कचरा जमा होने पानी की निकासी प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक ओर नगर निगम बरसात के दौरान शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालों की सफाई और पानी निकासी के कार्यों को लेकर टेंडर प्रक्रिया चला रहा है, वहीं निगम क्षेत्र में शामिल गांवों की स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई मुख्य नाले महीनों से गंदगी और कचरे से अटे पड़े हैं, जिनकी सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। बरसात का मौसम शुरू होने से पहले ही कई स्थानों पर नालों का पानी सड़कों पर फैलने लगा है, जिससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है।

वार्ड-10 के अंतर्गत आने वाले गांव बलियाणा व गढ़ी बोहर व बोहर और माजरा के ग्रामीणों का कहना है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि गांवों में भी शहर जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन हालात पहले जैसे ही बने हुए हैं। गांवों की मुख्य सड़कों के किनारे बने नालों में गाद, प्लास्टिक और अन्य कचरा जमा होने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर नालों का पानी सड़क तक पहुंच रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालों की सफाई नहीं करवाई



रोहतक। सड़क किनारे पड़ी गाद व खुले हुए नाले।

गई तो बरसात के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है। पानी जमा होने से जहां सड़कों को नुकसान पहुंचेगा, वहीं मच्छरों और गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाएगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### लोगों का आरोप निगम का ध्यान शहर पर ज्यादा

गांवों के निवासियों का कहना है कि नगर निगम का अधिकतर ध्यान शहर के मुख्य क्षेत्रों पर केंद्रित रहता है, जबकि निगम सीमा में शामिल गांवों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में ही सामने आती है, लेकिन इसके बावजूद नालों की नियमित सफाई नहीं करवाई जा रही।

## न्यूज डायरी



### भारत विकास परिषद ओमेक्स शाखा ने मनाया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**रोहतक।** भारत विकास परिषद ओमेक्स शाखा (हरियाणा मध्य प्रांत) द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ओमेक्स क्लब हेवेंस में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 6 से 8 बजे तक चले इस शिविर में ओमेक्स सोसाइटी के निवासियों ने सपरिवार उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश जैन का स्वागत एस.के. बंसल ने पटका पहनाकर किया। शाखा सचिव अनिल अग्रवाल ने बताया कि योगाचार्य सचित ने सभी आयु वर्ग के लोगों को योगासन, प्राणायाम और

### लाखनमाजरा में 560 लोगों ने किया योगाभ्यास

**लाखनमाजरा।** योग दिवस के अवसर पर खंड लाखनमाजरा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश सचिव एवं पूर्व मेयर रेणु डाबला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मुख्य अतिथि रेणु डाबला ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। योग भारतीय संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा रहा है, जिसे ऋषि-मुनियों ने स्वस्थ जीवन का आधार बताया है। कार्यक्रम के दौरान महम शुगर मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर, कैप्टन ईश्वर शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र मलिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों, पीटीआई, डीपीई और खेल नर्सरियों के खिलाड़ियों ने निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन एवं प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास किया।



### योग व्यक्ति को शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक शांति व अध्यात्मिक ऊर्जा करती है प्रदान : अवनीश सैनी

**रोहतक।** सैनी एजुकेशन सोसाईटी के सैनी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस पर सैनी एजुकेशन सोसाईटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने कहा कि योग भारत की वह दिव्य जीवन-पद्धति है जो व्यक्ति को शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है। इस अवसर पर सैनी डिग्री एवं सैनी बीएड कॉलेज के प्रधान धर्म सिंह दहिया ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं,बल्कि जीवन को अनुशासित, संस्कारित और सकारात्मक बनाने का सशक्त साधन है। योग दिवस पर बुधराम सैनी, जगदीश कुमार सैनी, नफे सिंह सैनी, स्कूल मैनेजर ऋतुराज सैनी, महासचिव डॉ. राजेश सैनी,श्याम कटारिया,नरेंद्र सैनी, प्रवीण सैनी, जय भगवान सैनी, प्रेम सिंह सैनी एवं प्राचार्यों ने योग किया।



### श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन रुक्मिणी विवाह प्रसंग ने बांधा समां,श्रद्धालु बने विवाह के साक्षी

**रोहतक।** सुभाष नगर स्थित श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर में श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी रुक्मिणी के दिव्य विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए और पूरा वातावरण भगवान के जयकारों से गूंज उठा।
कथावाचक नंद किशोर ने अपने मुखारविंद से रुक्मिणी विवाह की पावन कथा का वर्णन करते हुए बताया कि सच्चा प्रेम, अटूट विश्वास और भगवान के प्रति समर्पण ही जीवन को सफल बनाता है। उन्होंने रुक्मिणी की भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

### प्रेम कॉलोनी में युवक के पेट में चाकू घोंपा

**कुंडली।** प्रेम कॉलोनी में गली में खड़े एक युवक पर हमला कर पेट में चाकू घोंपने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नौ आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर निवासी आशीष ने पुलिस को बताया कि वह प्रेम कॉलोनी में किराये के कमरे में रहता है। वह कमरे के बाहर गली में खड़ा था। इसी दौरान आठ-नौ युवक वहां पहुंचे और उससे झगड़ा करने लगे। विरोध करने पर धीरेंद्र नामक युवक ने चाकू से उसके पेट पर वार कर दिया। आरोप है कि रवि सहित अन्य युवकों ने भी उसके साथ मारपीट की। घायल आशीष को परिजन पहले नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत के चलते उसे दिल्ली स्थित एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर बयान दर्ज किए। कुंडली थाना पुलिस ने धीरेंद्र, रवि और उनके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश कर रही है।

## खबर संक्षेप

### देवेन्द्र सैनी को प्रदेश संगठन मंत्री बनाया



रोहतक। हरियाणा व्यापार मंडल ने अधिवक्ता देवेन्द्र सैनी को संगठन में उनकी सेवाओं, सक्रिय योगदान एवं व्यापारियों के हित में किए गए कार्यों को देखते हुए प्रदेश संगठन मंत्री, हरियाणा व्यापार मंडल पद पर मनोनीत किया है। यह नियुक्ति संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सर्वसम्मति से की गई। मनोनयन पत्र प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद्र गुप्ता द्वारा जारी किया गया। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि अधिवक्ता देवेन्द्र सैनी प्रदेशभर के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों की रक्षा तथा व्यापारिक हितों को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे।



### शिविर मे 169 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

रोहतक। दीक्षा भारद्वाज मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा दत्तोड़ गांव में निशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे 169 मरीजों की स्वास्थ जांच किया गया। जरूरत के अनुसार, मरीजों की दवाइयां एवं चश्मा निशुल्क दिया गया। 40 महिलाओं को कैंसर जांच के लिए मैमोग्राफी की गई। शिविर में नेत्र जांच पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी ने बताया कि जनहित में इस प्रकार के शिविर का आयोजन ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे हैं। इस कड़ी में रविवार को दतौड़ गांव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य शिविर के दौरान एम्स, नई दिल्ली के चिकित्सक एवं अखिल भारतीय प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अंतर्गत डॉ. मनमोहन सिंह फेलोशिप कार्यक्रम के फेलो डॉ. हिमांशु शर्मा ने स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता, स्वास्थ्य जागरूकता के बारे जानकारी दी।

## देर शाम मौसम ने ली करवट

# प्रदेश में रोहतक रहा सबसे गर्म, शाम को चलीं तेज हवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भीषण गर्मी का दौर रोहतक में लगातार जारी है। रविवार को एक बार फिर रोहतक हरियाणा का सबसे गर्म जिला रहा। दिन का अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि भी दर्ज की गई। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिनभर लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा। रात के तापमान में भी राहत नहीं मिली। न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक रहा। दिन और रात दोनों समय सामान्य से अधिक तापमान रहने के कारण लोगों को उमस और गर्मी से परेशानी झेलनी पड़ी। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में कम आवाजाही देखने को मिली।

हालांकि देर शाम होते-होते मौसम ने करवट ली और रोहतक सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाएं चलीं। अचानक चली हवाओं से वातावरण में हल्की ठंडक महसूस हुई और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। कई स्थानों पर धूल भरी हवाएं भी चलीं। मौसम में आया यह बदलाव प्री-मानसून गतिविधियों का असर माना जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में



प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय होने लगी हैं। अगले कुछ दिनों में तेज हवाएं चलने, बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। आमतौर पर हरियाणा

- दिन का तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक रहा
- दोपहर को सड़कों और बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में कम आवाजाही दिखाई दी

में जून के अंतिम सप्ताह में मानसून पहुंच जाता है। जून समाप्त होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में लोगों को मानसूनी बारिश का इंतजार है।

### तेज हवाओं ने दिए मानसून करीब आने के संकेत

आईएमडी चंडीगढ़ का कहना है कि यदि मौसमी परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। फिलहाल रोहतक में दिन की तपिश बरकरार है, लेकिन शाम की तेज हवाओं ने मानसून के करीब आने के संकेत जरूर दे दिए हैं। रोहतक में इस वर्ष लगातार प्रदेश में सबसे अधिक तापमान दर्ज होने के पीछे कई भौगोलिक कारण हैं। आईएमडी चंडीगढ़ के अनुसार जिले की अर्ध-शुष्क जलवायु, समुद्र से अधिक दूरी और राजस्थान की ओर से आने वाली गर्म व शुष्क हवाएं तापमान बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। इसके अलावा मानसून की धीमी प्रगति और प्री-मानसून बारिश की कमी के कारण भी गर्मी का असर बना हुआ है। इस बार गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव मध्य हरियाणा पर देखने को मिल रहा है, जिसके कारण रोहतक लगातार प्रदेश के सबसे गर्म जिलों में शामिल रहा है। सामान्य वर्षों में हिसार और सिरसा अधिकतम तापमान के मामले में शीर्ष पर रहते हैं, लेकिन इस बार मौसमीय परिस्थितियां अलग रही हैं। मध्य क्षेत्र में बादलों और वर्षा की कमी, शुष्क हवाओं तथा प्री-मानसून गतिविधियों में देरी के कारण रोहतक का तापमान लगातार सामान्य से ऊपर बना हुआ है।

## मनीषा मित्तल मर्डर मामला: शूटरों ने खोले कई राज

# शिमला पुलिस को रोहतक के जिम संचालक की तलाश

*जिम संचालक गोविंद 11 जून को ही चला गया था विदेश*

*13 जून को शिमला के स्कूल कैंपस में मनीषा को मारी थी चार सेंकेड में तीन गोली*

*गोविंद हिमांक का दोस्त होने के साथ साथ शिमला वाले स्कूल की कार्यकारिणी में भी शामिल*

झज्जर के दुजाना गांव के आशीष अहलावत और रोहतक के सुनियारा खल फैसी निवासी दीपक को गिरफ्तार कर 7 दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान दोनों ने कई खुलासे किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हिमाचल प्रदेश के शिमला में हुए मनीषा मित्तल मर्डर केस में पकड़े गए रोहतक-झज्जर के 2 शूटरों ने कई राज उगले हैं। अब शिमला पुलिस को इस केस में रोहतक के एक जिम संचालक की तलाश है। यह जिम संचालक मनीषा के भाई हिमांक मित्तल का दोस्त है। हिमांक से पुलिस पहले ही पूछताछ कर चुकी है।शिमला पुलिस का कहना है कि अभी तक की जानकारी में सामने आया है कि जिम संचालक गोविंद 11 जून को ही विदेश चला गया था। उसके बाद से वह किसी के संपर्क में नहीं है। 13 जून को शिमला में सरस्वती पैराडाइज स्कूल कैंपस में मनीषा के सिर में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। गोविंद सरस्वती पैराडाइज स्कूल की मैनेजमेंट का भी सदस्य है। इस स्कूल की करोड़ों रुपये की संपत्ति को लेकर ही हिमांक व मनीषा में विवाद चल रहा था। शिमला के संजौली थाना इंचार्ज विवेक ने बताया कि गोविंद की तलाश में पुलिस रोहतक जा चुकी है। शिमला में स्कूल गेट के बाहर मनीषा मित्तल के सिर 4 सेकेंड में 3 गोली मारी गईं। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इस केस में पुलिस रोहतक व झज्जर को 2 शूटरों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### दोनों पर पहले भी केस दर्ज

शिमला पुलिस ने झज्जर के दुजाना गांव के आशीष अहलावत (22) और रोहतक के सुनियारा खल फैसी निवासी दीपक (25) को गिरफ्तार कर 7 दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड 22 जून को पूरा होगा। शूटर जिस सफेद रंग की स्विफ्ट कार में शिमला पहुंचे थे, वो झज्जर के एक व्यक्ति के नाम है। कार पर हिमाचल सीरिज एचपी-10 की फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी। आशीष के खिलाफ अवैध वसूली और दीपक पर आर्म्स एक्ट समेत 3 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मुताबिक जांच में सामने आया कि इन दोनों ने ही शिमला आकर स्कूल गेट पर मनीषा मित्तल पर गोलियां दागी। उसके बाद फरार हो गए। अपनी पहचान छिपाने और पुलिस से बचने के लिए दोनों ने मास्क पहनकर अपने फेस को भी कवर किया था।

### कार की तलाश में जुटी शिमला पुलिस

शिमला के अधिकारी इस बात की जानकारी जुटा रहे हैं कि जिस कार से वारदात को अंजाम दिया, वह झज्जर के रहने वाले एक व्यक्ति की है। वारदात में प्रयोग की गई कार की कई बार खरीद फरोख्त हो चुकी है। इस मामले में कार के मालिक को भी बयान दर्ज करवाने के लिए शिमला बुलाया है। शूटरों ने पूछताछ बताया कि हिमांक का दोस्त गोविंद शक के दायरे में है। गोविंद सिर्फ हिमांक का दोस्त ही नहीं है बल्कि शिमला वाले स्कूल की कार्यकारिणी में भी शामिल है। वो 11 जून को विदेश चला गया, जबकि 13 को मनीषा का मर्डर हुआ। विदेश जाने के बाद से पुलिस उससे संपर्क नहीं कर सकी है। हिमांक का कहना है कि वो उसके भी संपर्क में नहीं है। हिमांक का दावा है कि उस पर भी पहले हमला हो चुका है, जिसमें वह घायल है।

## एमडीयू में चंडीगढ़ के डीजीपी की मां किताब कौर को दी श्रद्धांजलि

# मां ने हमेशा आगे बढ़ने और हर मुकाम हासिल करने को प्रेरित किया : सागर प्रीत





रोहतक। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते डीजीपी सागर प्रीत हुड्डा और उपस्थित गणमान्य लोग। फोटो हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डॉ. सागर प्रीत हुड्डा की पूजनीय माता किताब कौर (धर्मपत्नी स्वर्गीय प्रीत सिंह हुड्डा) की आत्म-शांति के लिए रविवार को रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के राधा कृष्णन ऑडिटोरियम में विशेष शोक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बता दें कि 86 वर्षीय किताब कौर का गत 17 जून 2026 को देहावसान हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में अपनी मां को याद करते हुए डीजीपी सागर प्रीत हुड्डा भावुक हो गए। उन्होंने बचपन के संस्मरण साझा करते हुए बताया कि उनके पिता फौज में थे, जिसके कारण उनका अधिकांश समय गांव में मां के साथ ही बीता। मां ने मुझे जीवन में आगे बढ़ने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने और हर मुकाम हासिल करने के लिए हमेशा प्रेरित किया। डीजीपी हुड्डा ने इस मौके पर अपनी मां की स्मृति को संजोए रखने के लिए अपने पैतृक गांव जिंदराण के पुस्तकालय (लाइब्रेरी) में सहयोग देने की बड़ी घोषणा की। पारिवारिक कार्यक्रम के अनुसार, प्रार्थना सभा दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक चली, जिसके बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। शोक सभा की शुरुआत में भजनों की प्रस्तुति हुई, वहीं प्रख्यात कवि दिनेश दिनेश ने मां को समर्पित एक बेहद भावुक कविता प्रस्तुत कर वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम कर दीं। अंत में डीजीपी सागर प्रीत हुड्डा ने शोक सभा में पहुंचे सभी गणमान्य लोगों और परिजनों का आभार व्यक्त किया।

### तमाम बड़ी हस्तियों ने किया नमन

शोक की इस घड़ी में हुड्डा परिवार को ढाढ़स बंधाने के लिए राजनीति, प्रशासन और शिक्षा जगत की तमाम बड़ी हस्तियां एमडीयू ऑडिटोरियम पहुंचीं। शोक सभा में मुख्य रूप से देवर सत्यवान हुड्डा, पुत्र व पुत्रवधू रमेश एवं कमलेश, सागर प्रीत एवं कुलविंदर, पौत्र रेहान, पौत्री सना, भतीजे राज कपूर, संजीत और संदीप सहित तमाम परिजनों ने दिवंगत आत्मा को नमन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सतीश पूनिया, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला, पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा, अशोक तंवर, राज्य भाजपा कोषाध्यक्ष अजय बंसल और जिला भाजपा अध्यक्ष रणबीर ढाका ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रोहतक के डीसी सचिन गुप्ता, एमडीयू के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल और एसपी गौरव राजपुरोहित सहित और अन्य अधिकारियों ने श्रद्धांजलि सभा में शिरकत की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं।



### संगोष्टी में नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने पर मंथन किया

रोहतक। हरियाणवी संस्कृति, लोककला, सिनेमा और भारतीय सामाजिक मूल्यों के संरक्षण को लेकर एक दिवसीय विचार-मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश ने कहा कि हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इसके सकारात्मक पक्षों को समाज के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचार प्रमुख अनिल ने जोर दिया कि लोक परंपराओं, स्थानीय नायकों और जनजीवन की कहानियों को फिल्मों व डिजिटल माध्यमों के जरिए व्यापक स्तर पर लाया जाना चाहिए। दूसरे सत्र में प्रतिभागियों ने चार समूहों में बंटकर नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने पर मंथन किया।

### माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने नए भवन में बाल संस्कार करवाया



रोहतक। माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नए भवन में बाल संस्कार का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया जिसमें मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्रिंसीपल वेद प्रकाश श्योराण, विशिष्ट अतिथि सतीश ठेकेदार व कुलदीप मित्तल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच का संचालन संजय चावला ने किया। इन्होंने बच्चों को ध्यान योग करवाया और राम-नाम की ध्वनि भी लगवाई।



### विद्या श्री स्कूल के छात्रों ने मलेशिया में जीता रोबोटिक्स का इंटरनेशनल खिताब

रोहतक। जिले के विद्या श्री इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने मलेशिया में आयोजित 'एविश्कार रोबोटिक्स लीग इंटरनेशनल्स 2026' में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यूनिवर्सिटी ऑफ सेलांगोर शाह आलम कैंपस में आयोजित इस वैश्विक प्रतियोगिता में स्कूल की चार टीमों ने 7 देशों के बीच भारत का मान बढ़ाते हुए मिडिल और सीनियर कैटेगरी के टॉप स्थानों पर कब्जा जमाया।इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर कंबोडिया, घाना, भारत, कजाकिस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया और फिलीपींस के 100 से अधिक युवा इनोवेटर्स ने रोबोटिक्स, कोडिंग और एआई में दम दिखाया था। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मिडिल लेवल कैटेगरी में विवान, आरव और शुभ की टीम ने प्रथम तथा नव्यांश, अगमजोत, माहिर और दैविक की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, सीनियर लेवल कैटेगरी में रेयांश, गौरव, सोहम और अभि की टीम पहले स्थान पर रही, जबकि नित्या, हरमन, यश और ओजस्वी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।स्कूल के चेयरमैन डॉ. विकास सिवाच और प्रिंसिपल रिशु सिवाच ने इस बड़ी कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मलेशिया में तिरंगा लहराना पूरे रोहतक और देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बच्चों के मेंटर सुमित शर्मा के मार्गदर्शन और एविश्कार के सीईओ तरुण भल्ला द्वारा बच्चों के कौशल की सराहना किए जाने पर सबकों बधाई दीं।

### धर्मेश ने रोहतक में डांस के योद्धा ग्रैंड फिनाले में बिखेरे जलवे



रोहतक। बॉलीवुड के मशहूर कोरियोग्राफर धर्मेश को सम्मानित करते एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर के सदस्य।

रोहतक। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (एमडीयू) के टैगोर सभागार में एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर और वी3 प्रोडक्शन द्वारा आयोजित 'डांस के योद्धा' रियलिटी शो का ग्रैंड फिनाले धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बॉलीवुड के मशहूर कोरियोग्राफर धर्मेश सर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति राजेंद्र बंसल और अध्यक्षता राजीव जैन ने की। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के फाइनल में हर आयु वर्ग के 45 प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान धर्मेश सर ने युवाओं को डांस के टिप्स दिए और अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत करने वाले जीवन में जरूर सफल होते हैं। वहीं, राजेंद्र बंसल व राजीव जैन ने कहा कि यह शो युवाओं की नई प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें आगे बढ़ाने का एक बेहतरीन मंच है। अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# शिमली में अब जल्द दिलवाए जाएंगे लाभार्थियों को प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव शिमली में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत बीपीएल परिवारों को प्लॉट आवंटन का मामला अब चर्चा का विषय बन गया है। 18 जून को आयोजित समाधान शिविर में गांव की कई महिलाओं ने पंचायत द्वारा की जा रही प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद अब ग्राम पंचायत की ओर से पूरे मामले पर अपना पक्ष रखा गया है। गांव की सरपंच मोनिका ने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत वर्ष 2009 में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए प्लॉट निर्धारित किए गए थे, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद पात्र परिवारों को उनका कब्जा नहीं मिल सका। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान पंचायत ने इस लंबित मामले को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक विभागीय और प्रशासनिक औपचारिकताएं लगभग पूरी कर ली हैं। सरपंच के अनुसार, जिस भूमि पर प्लॉट दिए जाने हैं, वहां कुछ लोगों का अस्थायी कब्जा


समाधान शिविर में समस्याओं का अंबार, फरियादी भटकते रहे, प्रशासन देता रहा आश्वासन
शिमली की महिलाओं का सवाल, चारागाह की जमीन में सरपंच क्यों काट रहा प्लॉट

है और वही लोग योजना का विरोध कर रहे हैं। मोनिका ने स्पष्ट किया कि प्लॉटों के लिए चिन्हित भूमि न तो चारागाह है और न ही तालाब की जमीन। उनके अनुसार यह ग्राम पंचायत की स्वामित्व वाली भूमि है, जो आम रास्ते के साथ स्थित है और योजना के लिए विधिवत चिन्हित की गई है। प्रशासन द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति भी की जा चुकी है और विभागीय आदेश मिलते ही पात्र लाभार्थियों को कब्जा दिलाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। हालांकि, समाधान शिविर में उठी आपत्तियों के बाद यह मामला अब प्रशासनिक जांच और समीक्षा के दायरे में भी आ गया है। ऐसे में सभी पक्षों की दलीलों और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर आगे की कार्रवाई पर नजर बनी हुई है।

## वर्कशॉप

## एनेस्थीसियोलॉजिस्ट की भूमिका अब केवल ऑपरेशन थियेटर तक सीमित नहीं: कुलपति

# अल्ट्रासाउंड गाइडेड रीजनल एनेस्थीसिया मरीजों के लिए गेम चेंजर : डॉ. अग्रवाल

एविडेंस-बेस्ड प्रैक्टिस ने मेडिकल साइंस को नया आयाम दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि आज हेल्थकेयर अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है। इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और एविडेंस-बेस्ड प्रैक्टिस ने मेडिकल साइंस को नया आयाम दिया है।

इस यात्रा में एनेस्थीसियोलॉजी सबसे डायनामिक और तकनीकी रूप से संचालित स्पेशलिटी बनकर उभरी है। एनेस्थीसियोलॉजिस्ट की भूमिका अब केवल ऑपरेशन थियेटर तक सीमित नहीं है। वे प्री-ऑपरेटिव मेडिसिन, क्रिटिकल केयर, ट्रॉमा मैनेजमेंट, पेन मेडिसिन, इमरजेंसी रिस्पॉन्स और पेशेंट सेफ्टी में लीडर बन चुके हैं। डॉ. अग्रवाल रविवार को पीजीआई के एनेस्थीसियोलॉजी एवं क्रिटिकल केयर विभाग द्वारा इंडियन कॉलेज ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स के तत्वावधान में आयोजित कॉन्फ्रेंस ऑन अल्ट्रासाउंड गाइडेड रीजनल एनेस्थीसिया एंड वास्कुलर एक्सेस रीजनल एनेस्थीसिया 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। डॉ एच के अग्रवाल ने कहा कि एनेस्थीसिया स्पेशलिटी में जितने भी बदलाव आए हैं, उनमें अल्ट्रासाउंड-गाइडेड रीजनल एनेस्थीसिया एक गेम चेंजर साबित हुआ है। रियल टाइम में शरीर की संरचना देखने की क्षमता ने रीजनल ब्लॉक और वास्कुलर एक्सेस की सटीकता, प्रभावशीलता और सुरक्षा को काफी बढ़ा दिया है। इससे मरीज को कम दर्द होता है, जटिलताएं घटती हैं, ओपिओइड की जरूरत कम होती है, रिकवरी तेज होती है और सर्जिकल परिणाम बेहतर होते हैं। चेयरपर्सन डॉ. सुशीला तक्षक ने सभी अतिथियों व डेलीगेट्स का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस बार फोकस प्रैक्टिकल स्किल पर है ताकि पीजी छात्र आत्मविश्वास के साथ रीजनल ब्लॉक दे सकें। डॉ सुशीला ने कहा कि यहां मिला ज्ञान क्लिनिकल प्रैक्टिस को बेहतर बनाएगा और मरीजों की देखभाल का स्तर ऊंचा करेगा। डॉ जतिन लाल ने बताया कि वर्कशॉप में अल्ट्रासाउंड-गाइडेड अपर लिंब ब्लॉक, लोअर लिंब ब्लॉक पर प्रशिक्षण दिया गया।




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. एसके सिंघल। फोटो: हरिभूमि

### डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को पुष्पांजलि अर्पित की

रोहतक। डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा रविवार प्रातः हुडा कॉम्प्लेक्स स्थित माधव कुंज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों और स्वयंसेवकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।मुख्य वक्ता, जिला बौद्धिक प्रमुख डॉ. शील कुमार ने कहा कि डॉ. हेडगेवार का दृढ़ विश्वास था कि व्यक्ति निर्माण ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने 1925 में संघ की स्थापना कर समाज संगठन का मार्ग दिखाया। डॉ. शील ने उनके बचपन के प्रेरक प्रसंगों, जैसे वंदे मातरम् उद्घोष के कारण विद्यालय से निष्कासन, का जिक्र करते हुए उनके प्रखर राष्ट्रभाव को रेखांकित किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता, रमन गुप्ता, डॉ. महेश गोयल, संजय सिंगला, सूर्य प्रकाश सहित अनेक प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

**GREENLAND PUBLIC SCHOOL**
**(CBSE) DATTAUR, ROHTAK**
The suitable candidates are urgently required for the following positions:-
1. PGT- BIO
2. TGT-IT
3. PRT - IT
4. Mother teachers
5. PTI (M/F)
6. Art & Craft teacher
Only the deserving candidates having fluency in English may report at Hotel Evaan (Old Name Hotel Karan), Mansarover Park Rohtak at 10:00 am on Tuesday dated 23/06/2026. You may send your resume at:
greenlandpublicschool@gmail.com
Contact No. 9896664444 7988334130

### योग दिवस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी

# योग भारत की प्राचीन संस्कृति, ऋषि परंपरा और आध्यात्मिक ज्ञान की अमूल्य धरोहर

**12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजीव गांधी खेल परिसर में कार्यक्रम, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा रहे मुख्यअतिथि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को राजीव गांधी परिसर में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़े तथा अपने संदेश में सभी नागरिकों से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकुला से वर्चुअली कार्यक्रम में जुडक़र नागरिकों को योग दिवस का संदेश दिया। स्थानीय स्तर पर प्रदेश के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने धर्मपत्नी डॉ. रीटा सहित अन्य अतिथिगण के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने प्रदेशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति, ऋषि परंपरा और आध्यात्मिक ज्ञान की अमूल्य धरोहर है। आज पूरी दुनिया योग की शक्ति को स्वीकार कर रही है और भारत विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रहा है।



**योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में नशा समाज विशेषकर युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। योग आत्मसंयम, मानसिक दृढ़ता और सकारात्मक सोच विकसित करता है तथा नियमित योगाभ्यास तनाव, अवसाद और नकारात्मक प्रवृत्तियों को दूर करने में सहायक है। इस मौके पर मंत्री ने योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले योग साधकों व संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उन्होंने इसके उपरांत राजीव गांधी खेल परिसर में पौधारोपण कर उपस्थितगण को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



### योग अब केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जन-आंदोलन बना

शर्मा ने कहा कि रोहतक की पावन धरती पर हजारों लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता यह दर्शाती है कि योग अब केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जन-आंदोलन बन चुका है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है, जो व्यक्ति को अनुशासित, सकारात्मक और तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 177 देशों के समर्थन से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। आज 200 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है, जो भारत की सांस्कृतिक शक्ति और वैश्विक नेतृत्व का प्रमाण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योग को विश्वव्यापी जन-आंदोलन का स्वरूप मिला है और केंद्र सरकार के 12 वर्षों में भारत की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर नई प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व मंच पर भारत का पक्ष मजबूती और आत्मविश्वास के साथ रखते हैं। प्रधानमंत्री किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के सम्मान और हितों से कोई समझौता नहीं करते। विश्व के प्रमुख नेताओं द्वारा भी उनकी नेतृत्व क्षमता और दृढ़ वार्ता कौशल की सराहना की जाती है। भारत आज वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है।

### मंत्री शर्मा के साथ साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया



भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणबीर सिंह ढाका, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, उपायुक्त सचिन गुप्ता, पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सहायक आयुक्त प्रशिक्षु विशाल सिंह, नगराधीश शुभम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, सिविल सर्जन डॉ. कमला वर्मा, चेयरमैन सतीश कौशिक, कला परिषद रोहतक मंडल के अतिरिक्त निदेशक गगन हरियाणवी, जिला महामंत्री नितिन जैन, जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, एलडीएम महाबीर प्रसाद, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. ईशा, डॉ. भूपेंद्र साहू, डॉ दिनेश घिलौड़, धर्मबीर शर्मा, एडवोकेट अनीता बुधवार, धर्मेंद्र गुगनानी, सौरभ, विजय परुथी, ज्योत्स्ना रोहिल्ला, सुमित बंसल, रेखा रोहिल्ला, संजय परमार, रणधीर भारद्वाज, विपिन गोयल सहित अन्य उच्चाधिकारी तथा पार्टी पदाधिकारी के अलावा सैकड़ों योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

### एमडीयू में पूरे मनोयोग से मनाया योग दिवस



रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में रविवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पूरे मनोयोग से उत्साहपूर्वक मनाया गया। विश्वविद्यालय समुदाय सदस्यों ने सामूहिक यौगिक अभ्यास तथा आसन करते हुए इस योग यज्ञ में अंशदान किया। विश्वविद्यालय के एफडीसी मैदान में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, गैर शिक्षक, विद्यार्थियों, विवि कैंपस के परिजनों, समुदायों तथा रोहतक शहर के योग साधक नागरिकों ने इस योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। विश्वविद्यालय छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक नरेश अहलावत के संचालन में राष्ट्रीय कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योग प्रदर्शन हुआ।विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ए. एस. मान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रो. मान ने योग को तन, मन, आत्मा का संयुक्त योग (जुड़ाव) बताते हुए जीवन में इसके महत्त्व को इंगित किया।

### नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया



रोहतक। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला न्यायालय परिसर में योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों तथा न्यायिक व्यवस्था से जुड़े अन्य हितधारकों के बीच शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सलेन्दर सिंह तथा अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) राकेश कादियान ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। उन्होंने योग को स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार बताते हुए सभी को नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। योगाचार्या सोनिया चावला ने सत्र का संचालन करते हुए प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का अभ्यास करवाया।

## मानसरोवर पार्क में उमड़ा जनसैलाब, पूर्व मंत्री ग्रोवर ने बताया योग को स्वस्थ जीवन का आधार

- कार्यक्रम के दौरान आयोजकों एवं सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि का फूलमालाओं से स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय मानसरोवर पार्क में आयोजित निशुल्क योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के कारण आज विश्व के 192 देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। सदियों से योग भारत की सांस्कृतिक पहचान रहा है और आज पूरी दुनिया इसकी महत्ता को स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए। यह शिविर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन द्वारा अपने पिता स्वर्गीय सेठ विमल प्रसाद जैन की स्मृति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर योग गुरु सरदार हवा सिंह सैनी ने उपस्थित साधकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया।



**कार्यक्रम में ये मौजूद रहे**

कार्यक्रम के दौरान आयोजकों एवं सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि का फूलमालाओं से स्वागत किया गया तथा उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक जगदीश प्रसाद, डॉ. वी.के. चावला, हवा सिंह राही, राजीव जैन, जोगेंद्र सैनी, वीरेन्द्र शर्मा, सुदर्शन मल्होत्रा, सुरेश गांधी, सुषमा हंस, रानी सैनी, मास्टर प्रेम गुप्ता, रामनारायण सैनी सहित सैकड़ों योग साधक उपस्थित रहे।

### सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

कलानौर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कलानौर में आयोजित योग समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और नागरिकों के साथ विभिन्न योगासन किए। ग्रोवर ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वैश्विक पहचान मिली है। आज दुनिया के अनेक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जो भारत के लिए गर्व का विषय है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**करो योग रहो निरोग** **पीजीआईएमएस के कुलपति ने किया योगाभ्यास का नेतृत्व**

## योग भारत की प्राचीन धरोहर और आज इसे पूरी दुनिया ने अपनाया : डॉ. अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पीजीआईएमएस रोहतक के स्पोर्ट्स ग्राउंड में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6:00 बजे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने सैकड़ों प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास का नेतृत्व भी किया। मुख्य अतिथि डॉ. एचके अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है और आज पूरी दुनिया ने इसे अपनाया है। 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि नियमित योग से उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ों के दर्द और मानसिक तनाव को रोका जा सकता है। मेडिकल प्रोफेशनल्स के लिए योग तनाव प्रबंधन का सबसे बेहतर माध्यम है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि स्वस्थ डॉक्टर ही स्वस्थ समाज दे सकता है। योग से एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ती है, जिससे मरीजों की बेहतर देखभाल संभव होती है। उन्होंने पीजीआईएमएस परिवार के सभी सदस्यों से रोजाना कम से कम 30 मिनट योग करने की अपील की।कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा किया गया। डॉ. सविता रानी सिंघल ने बताया कि कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शवासन सहित विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया गया।



**योग को कैंपस की संस्कृति बनाया जाएः सिंघल**

कार्यक्रम के अंत में डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता रानी सिंघल ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन समिति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि योग को कैंपस की संस्कृति बनाया जाए। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. मधु शर्मा और जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरुण अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में स्पोर्ट्स ग्राउंड में सैकड़ों प्रतिभागियों ने एक साथ योग कर योग से निरोग का संदेश दिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ।

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ फैकल्टी मेंबर्स, रेजिडेंट डॉक्टर, एमबीबीएस व नर्सिंग छात्र, पैरामेडिकल स्टाफ और मिनिस्ट्रियल कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## योगमय हुआ शहर



### लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में मनाया योग दिवस

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में योग आयोग व आयुष विभाग, हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशन में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के योग प्रकोष्ठ, एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी, महिला प्रकोष्ठ और हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि योग हमारे जीवन को स्वस्थ, संतुलित और शरीर को निरोग बनाता है। इस अवसर पर डॉ. अनीता और रेणु आनंद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में डॉ. हितेश ढल, डॉ. अंजू देशवाल सहित भारी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।



### नियमित योग करने के लिए प्रोत्साहित किया

रोहतक। गोहाना रोड स्थित दुहन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजीव गांधी स्टेडियम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिला रोहतक के स्काउट्स एवं गाइड्स ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजीव गांधी स्टेडियम में जिला शिक्षा अधिकारी रोहतक,श्रीमती मनजीत मलिक के आदेश से और बलराज आर्य और सुमन कादयान के नेतृत्व में सराहनीय प्रदर्शन किया। दुहन पब्लिक स्कूल जसिया के स्काउट एवं गाइड ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भागीदारी ली। दुहन पब्लिक स्कूल से स्काउट मिस्टर नरसी व गाइड वर्षा अंतिल ने बच्चों के साथ योग किया। जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी रोहतक ने स्काउट एंड गाइड की प्रदर्शन को सराहनीय बताया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. अशोक दुहन ने बच्चों को नियमित योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल की डायरेक्टर डॉ सुनीता दुहन ने बच्चों के साथ योग किया करो योग - रहो निरोग का श्लोगन दिया। प्राचार्या अन्नू राणा ने बच्चों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी।



### विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया

रोहतक। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वैश्य महाविद्यालय, के सेठ जुगल किशोर सभागार में आयोजित सात दिवसीय योग कार्यशाला का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यशाला के अंतिम दिन विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह ने सभी प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पुरुषोत्तम ने सात दिवसीय कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है।



### छात्रों को आसनों व प्राणायाम की बारीकियां सिखाई

रोहतक। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित, शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (गोहाना रोड) में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक अंजू सुखीजा, सीमा भूटानी और \सचिन भारद्वाज ने छात्रों को विभिन्न आसनों व प्राणायाम की बारीकियां सिखाईं। प्रातः 6 बजे शुरू हुए इस सत्र में सैकड़ों छात्रों, शिक्षकों और योग प्रेमियों ने सूर्य नमस्कार, वज्रासन, त्रिकोणासन और अनुलोम-विलोम का अभ्यास किया। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष करण विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, बीना कौशिक और डॉ. दिनेश मदान ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर सुपवा के कुलपति व वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए योग को मानसिक शांति और सामाजिक समरसता का माध्यम बताया। विद्यालय प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है, जो छात्रों में अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मकता लाता है।



### डीएवी स्कूल में स्वास्थ्य एवं सद्भाव का संदेश दिया

रोहतक। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल रोहतक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं सद्भाव का संदेश देते हुए एक योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 50 से अधिक शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। शिविर का संचालन इंचार्ज अनीता नरवाल और पीटीआई राकेश आर्य द्वारा किया गया।



### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में मनाया योग दिवस

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में दो दिवसीय योग कार्यक्रम का सफल आयोजन 20 एवं 21 जून को किया गया। जिसमें दुर्गा आयुर्वेद योगा ट्रेंनिंग सेंटर तथा हरिताज फिटनेस अकैडमी ने अपने सहयोग द्वारा इस कार्यक्रम की सफलता में चार चाँद लगा दिए। विद्यालय प्रधानाचार्य आरके खन्ना व उप प्रधानाचार्य निशु रानी ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### मॉडल स्कूल के बच्चों ने मनाया योग दिवस



रोहतक। आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और अतिथियों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त एवं मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष सचिन गुप्ता और सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा थे। छात्रों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए। अतिथियों ने उनके प्रयासों की सराहना की और तनाव कम करने व एकाग्रता बढ़ाने में नियमित योग अभ्यास के लाभों पर प्रकाश डाला।